# <u>कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।</u>

## <u>प्रेस नोट</u>

**दिनांक- 21-11-2021**

**आज दिनांक 21.11.2021 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री ए. सतीश गणेश द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु यातायात पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ यातायात पुलिस लाईन में एक गोष्ठी आयोजित की गयी। उक्त गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था श्री अनिल कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त काशी जोन/यातायात श्री राम सेवक गौतम, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात श्री संतोष कुमार मीना व समस्त यातायात निरीक्षक/उप निरीक्षक मौजूद रहें।**

उक्त गोष्ठी के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा निम्नांकित बिन्दुओं पर समीक्षा/चर्चा की गई तथा सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये-

❖ **जाम लगने वाले सम्भावित स्थल** : - भोजूबीर तिराहा कैंट, आंध्रा पुल व चौका घाट कैंट, पिपलानी कटरा से लेकर कबीर चौरा हॉस्पिटल व मैदागिन तक कोतवाली, लहुराबीर से लेकर पिपलानी कटरा चेतगंज, मैदागिन से लेकर हरतिरथ कोतवाली, हरतीरथ से लेकर आदमपुर थाना, चेतगंज से लेकर बेनिया तिराहे पर तक थाना चेतगंज बेनिया से लेकर रामापुरा तक थाना दशाश्वमेध, रामापुरा से लेकर गुरुबाग तक थाना लक्सा, गोदौलिया से लेकर जंगमबाड़ी मठ थाना दशाश्वमेध, रविदास गेट तिराहा थाना लंका के पास, कमच्छा थाना भेलूपुर, महमूरगंज रेडियो स्टेशन के पास थाना भेलूपुर, सुंदरपुर चौराहा चितईपुर, चांदपुर चौराहा, मंडुआडीह, सामने घाट से लेकर ट्रॉमा सेंटर व मालवीय चौराहा थाना लंका, रेवड़ी तालाब चौकी के पास तिराहा थाना भेलूपुर आदि स्थानों पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु दिशा-निर्देश दिये गए।

- ❖ पुलिस उपायुक्त यातायात को उपरोक्त स्थलों पर विशेष रूप से ड्यूटी लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही अन्य स्थलों को चिन्हित करने जहां पर जाम की स्थिति बनती है पर विशेष रूप से ड्यूटी लगाकर प्रत्येक दिशा में यातायात का सुगम संचालन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

- ❖ शादी/बारात आदि के सीजन में रात्री दो बजे तक तीसरी शिफ्ट की ड्यूटी लगाये जाने हेतु पुलिस उपायुक्त यातायात को निर्देशित किया गया।

- ❖ Peak Day/Peak Time में जिन स्थलों पर जाम लगता है वहां यातायात निरीक्षक/उ0नि0 को स्वंय उपस्थित रहकर यातायात का सुगम संचालन हेतु निर्देशित किया गया।।

- ❖ बिना परमिट/बिना लाइसेंस के चल रहे वाहन/ऑटो रिक्शा आदि के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही हेतु समस्त अधिकारीगण को निर्देशित किया गया।

- ❖ अवैध रूप से पार्किग हुए वाहनों विशेष रूप से बड़े वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस उपायुक्त यातायात को निर्देशित किया गया।

- ❖ पुलिस उपायुक्त यातायात को निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर जेबरा लाइन दृष्यमान नहीं है वहां सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर उसे सही करा लिया जाए तथा जेबरा लाईन के लिए यातायात पुलिस द्वारा आमजनता को जागरूक कराया जाए।

- ❖ पुलिस उपायुक्त यातायात को निर्देशित किया गया कि कमिश्नरेट क्षेत्र में जहां ट्राफिक लाइट लगी है उसके Timing हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी व स्थानीय लोगों के साथ गोष्ठी कर Timing को स्थानीय परिस्थिति के अनुसार रिसेट करा लिया जाए।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस आयुक्त,**
**वाराणसी।**